SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25

Worksheet-12

NAME:______________ **SUBJECT: HINDI**

CLASS 7 DIV :______ **Ls.12 सर्वनाम**

Prepared By: Suman Yadav **Given date -**

Prepared date -25/10/2024

सर्वनाम -संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

सर्वनाम के भेद-

सर्वनाम के छह भेद होते हैं-

१) **पुरुषवाचक सर्वनाम-** पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं, एक वक्त अर्थात कहने वाला दूसरा जिससे वह बातचीत करता है और तीसरा इसके विषय में बात कर रहा है| बोलने वाला सुनने वाला और इसके विषय में कोई बात की जाती है उसके लिए प्रयोग किए जाने वाले सर्वनाम पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं जैसे मैं तुम वह आदि

क)उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम जी सर्वनाम का प्रयोग वक्ता लेखक अपने लिए करें वह उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम कहा जाता है जैसे मैं मुझे मेरा हमारा आदि।

ख)मध्य पुरुषवाचक सर्वनाम सुनने वाले श्रोता अथवा पढ़ने वाले पाठक के लिए जिन सर्वनाम का प्रयोग होता है उन्हें मध्य पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं जैसे तू, तुम्हारा, तुम, आप आदि।

ग)अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम वक्त इसके विषय में कुछ बातचीत करता है उसे अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं जैसे- मैं तुमको उसके बारे में बताता हूँ।

२)**निजवाचक सर्वनाम**-जिस सर्वनाम से तीनों पुरुषों में ही अपने आप का ज्ञान हो उसे निर्वाचन सर्वनाम कहते हैं जैसे मैं यह कार्य अपने आप ही कर लूँगा ।

३)**निश्चयवाचक सर्वनाम** -जिन सर्वनाम के द्वारा पास या दूर की वस्तु का निश्चित रूप से ज्ञान होता है उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं जैसे -यह, वह यह ,वह ,इस आदि।

४)**अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जिन शब्दों से किसी वस्तु अथवा व्यक्ति का निश्चय ना हो या नहीं अनिश्चयवाचक सर्वनाम से अज्ञात या अनुचित व्यक्तियों या वस्तुओं का बोध होता है। जैसे- कुछ भी, सब कुछ, कुछ ना कुछ आदि।

५)**प्रश्नवाचक सर्वनाम -** प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग किसी व्यक्ति या वस्तु के विषय में कुछ पूछने के लिए किया जाता है ।जैसे -कौन ,क्या ,किस कहाँ ,किसमें आदि।

६) **संबंधवाचक सर्वनाम**-जो सर्वनाम एक बात का किसी दूसरी बात के साथ संबंध प्रकट करें, वह संबंध वाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे -जो मेहनत करेगा, वह सफल होगा।

प्रश्न १) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों की जगह सर्वनाम रूप लिखकर वाक्य को पुनःलिखिए—

१) लखन धाम एक गाँव का नाम था ।गाँव में पक्के मकान बहुत कम थे।

२)प्रथम एक शैतान लड़का है, इसलिए प्रथम की पिटाई हुई।

३)कृष्ण मक्खन खाना पसंद करते थे इसलिए कृष्ण मक्खन चुरा कर खाते थे।

प्रश्न २)निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित सर्वनाम के भेद लिखिए—

१) सेनापति ने अपर्णा से पूछा, "क्या चाहती हो "?

२)तुम मेरी बात समझते क्यों नहीं?

३) जो पहले आएगा वह पहले पाएगा ।

प्रश्न ३)निर्देशानुसार उत्तर छाँटिए -

१. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द होते हैं-

क. विशेषण ख. सर्वनाम ग. क्रिया घ. अव्यय

ii . सर्वनाम मुख्यतःकितने होते हैं ?

क. तीन ख. पाँच ग. छह घ. चार

iii. सर्वनामों की रूप-रचना किनके अनुसार की जाती है ?

क. अव्ययों के ख. कारकों के ग. क्रियाओं के घ. संज्ञाओं के

iv. जो सर्वनाम बोलने वाले या लिखने वाले के लिए प्रयुक्त होते हैं, वे हैं-

क. उत्तम पुरुषवाचक ख. मध्यम पुरुषवाचक ग. अन्य पुरुषवाचक घ. निश्चयवाचक

V . बोलने वाला सुनने वाले के लिए जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करता हैं, वे हैं-

क. उत्तम पुरुषवाचक ख. मध्यम पुरुषवाचक ग. अन्य पुरुषवाचक घ. अनिश्चयवाच

vi. वक्ता जिन सर्वनामों का प्रयोग श्रोता के अलावा अन्य लोगों के लिए करता है-

क. मध्यम पुरुषवाचक ख. उत्तम पुरुषवाचक ग. अन्य पुरुषवाचक घ. निश्चयवाच

SUB.TEACHER HOD CO ORDINATOR PRINCIPAL